## खबर संक्षेप

### श्यामनगर में पागल कुत्ते ने 4 बच्चों को काटा, कुत्ते की मौत

**सतना।** ज़िले के नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत श्यामनगर गांव में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक पागल कुत्ते ने चार बच्चों को बेरहमी से काट लिया, जिससे गांव में दहशत फैल गई। जानकारी के मुताबिक,चारों घायल बच्चों को तत्काल नागौद सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए ज़िला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर उस हिंसक कुत्ते को पकड़ लिया और उसे एक जगह पर बांध दिया। हालांकि कुछ ही समय बाद उस कुत्ते की मौत हो गई। इस घटना के बाद से गांव में सतर्कता बढ़ा दी गई है और स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है।

### सिद्धनाथ मंदिर में आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत, तीन घायल

**मैहर।** उंचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नागौद और उंचेहरा मार्ग के मध्य स्थित सिद्धनाथ मंदिर,गोवराव कला में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित भंडारे के दौरान एक दुखद घटना हुई। शाम लगभग 3 बजे मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित बरगद के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से बूटी बाई प्रजापति 57 वर्ष,निवासी गोवराव कला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में आरती प्रजापति सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। आरती प्रजापति की हालत गंभीर होने पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने उन्हें अपने वाहन से उंचेहरा अस्पताल में भर्ती कराया। दो अन्य घायलों का इलाज उनके परिजन बिहटा गांव में करवा रहे हैं।

### स्वीपर के अभाव में दूसरे दिन होगा पोस्टमार्टम

**उंचेहरा।** अस्पताल में स्वीपर का पद रिक्त होने के कारण मृतक का शव परीक्षण गुरुवार को नहीं हो सका, जिससे पुलिस और परिजन दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मृतक का शव परीक्षण शुक्रवार सुबह किया जाएगा।



# सरकारी अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला, मरीज और परिजन परेशान

**सतना।** विंध्य क्षेत्र के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में से एक,सतना स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल इन दिनों अपनी अव्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में है। अस्पताल में साफ-सफाई से लेकर स्टाफ की कमी और उपकरणों के अभाव तक,हर मोर्चे पर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है,जिसका खामियाजा मरीजों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल के अंदर कदम रखते ही गंदगी का अंबार और दुर्गंध स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती है। शौचालयों की हालत बदतर है, और वार्डों में भी नियमित सफाई का अभाव है। मरीजों के बिस्तर गंदे पड़े रहते हैं,जिससे संक्रमण का खतरा लगातार बना हुआ है। कई मरीजों के परिजनों ने बताया कि उन्हें स्वयं ही चादरें और साफ-सफाई का इंतजाम करना पड़ रहा है। स्टाफ की कमी भी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की संख्या मरीजों के अनुपात में बेहद कम है,जिससे उन्हें पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। ओपीडी में लंबी कतारें देखी जा सकती हैं और आपातकालीन स्थिति में भी त्वरित सहायता मिलना मुश्किल होता है। एक मरीज के परिजन ने बताया,घंटों इंतजार करने के बाद भी डॉक्टर मुश्किल से देखते हैं। यहां तो बस राम भरोसे चल रहा है। इसके अतिरिक्त,अस्पताल में कई महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों का अभाव है या फिर वे खराब पड़े हैं। एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी बुनियादी जांचों के लिए भी कई मरीजों को निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है,जिससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। दवाओं की उपलब्धता को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। कई आवश्यक दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं होती हैं,और मरीजों को उन्हें बाहर से खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अस्पताल प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, ऐसा प्रतीत होता है। लगातार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेने और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि सतना और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया,तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है,जिससे आम जनता को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# 'बैठकी' के नाम पर अवैध वसूली, व्यापारियों में हड़कंप



**सतना।** शहर में इन दिनों 'बैठकी' के नाम पर अवैध वसूली का धंधा तेजी से पनप रहा है,जिससे छोटे और बड़े दोनों तरह के व्यापारी खासा परेशान हैं।यह वसूली मुख्य रूप से सब्जी मंडी,फल मंडी, और शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक क्षेत्रों में की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ असामाजिक तत्व और स्थानीय दबंग लोग,जिन्हें कथित तौर पर कुछ राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है,व्यापारियों से जबरन प्रतिदिन या साप्ताहिक आधार पर एक निश्चित राशि वसूल रहे हैं। इस अवैध वसूली को स्थानीय भाषा में 'बैठकी' कहा जाता है,जिसका कोई आधार नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि यदि वे यह राशि देने से मना करते हैं,तो उन्हें धमकियां दी जाती हैं,उनके व्यापार में बाधा डाली जाती है,या फिर उनके साथ मारपीट भी की जाती है। नाम न छापने की शर्त पर एक सब्जी विक्रेता ने बताया,हमें हर दिन 50 से 100 रुपये देने पड़ते हैं,नहीं तो वे हमें यहां दुकान नहीं लगाने देते। पुलिस में शिकायत करने से भी डर लगता है क्योंकि वे कहते हैं कि उनके ऊपर तक पहुँच है। यह समस्या केवल छोटे दुकानदारों तक सीमित नहीं है,बल्कि बड़े थोक व्यापारियों को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। वे माल उतारने और चढ़ाने के लिए भी अतिरिक्त शुल्क देने को मजबूर हैं। इस अवैध वसूली से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है,बल्कि शहर में व्यापार करने का माहौल भी खराब हो रहा है।स्थानीय निवासियों का भी कहना है कि इस तरह की गुंडागर्दी से शहर की छवि खराब हो रही है और प्रशासन को इस पर तुरंत लगाम लगानी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में संज्ञान लेने और जांच करने की बात कही है,लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। व्यापारियों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस अवैध 'बैठकी' वसूली पर नकेल कसेगा और उन्हें भयमुक्त होकर व्यापार करने का अवसर मिलेगा।

# गुरु पूर्णिमा पर हुए विशेष आयोजन, शिष्यों ने लिया गुरुजी का आशीर्वाद

**सतना।** आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व का पर्व गुरु पूर्णिमा गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर भर में विभिन्न धार्मिक स्थलों,शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जहां हजारों की संख्या में शिष्यों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। गुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेद व्यास को समर्पित है,जिन्हें हिंदू धर्म के महानतम गुरुओं में से एक माना जाता है। सुबह से ही मंदिरों और आश्रमों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। लोगों ने अपने गुरुओं के चरण स्पर्श कर उनका पूजन किया,माल्यार्पण किया और उन्हें दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद मांगा।कई स्थानों पर विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन भी किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे वेंकटेश मंदिर,बड़ी देवी मंदिर और रामटेकरी मंदिर में विशेष अनुष्ठान हुए। यहां गुरुओं द्वारा शिष्यों को आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन मूल्यों पर प्रवचन दिए गए।इन प्रवचनों में गुरु की महिमा,त्याग और समाज निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। शैक्षणिक संस्थानों में भी गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कुछ संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए,जिनमें विद्यार्थियों ने गुरु भक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। यह दिन शिक्षकों के प्रति सम्मान



व्यक्त करने और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी इस अवसर पर भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व सतना में गुरु-शिष्य परंपरा की जीवंतता और समाज में गुरुओं के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाता है। यह दिन न केवल आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है,बल्कि गुरुओं के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से जीवन में सही दिशा प्राप्त करने का भी संदेश देता है।

### चित्रकूट, मैहर सहित प्रमुख धामों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को प्रमुख धार्मिक स्थलों चित्रकूट, मैहर, धारकुंडी ,बिरसिंहपुर और गैवी नाथ धाम में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही इन आस्था केंद्रों पर भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं,जो अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेने और पूजा-अर्चना करने के लिए दूर-दराज से पहुंचे थे।



चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के तट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा की। मैहर में माँ शारदा देवी के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्त पहुंचे,जिससे मंदिर परिसर में पैर रखने की भी जगह नहीं बची। धारकुंडी आश्रम,बिरसिंहपुर के जलंधरनाथ धाम और गैवी नाथ धाम में भी भक्तों की भारी भीड़ जुटी। इन सभी स्थानों पर विशेष पूजा -अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। स्थानीय प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को दर्शाता है,और इस वर्ष भी भक्तों ने अपने गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा व्यक्त की।

# शिक्षक कांग्रेस का मैहर में सम्मेलन,पुरानी पेंशन बहाली सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**मैहर।** मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस का एक भव्य सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें संगठन के संस्थापक संरक्षक और पूर्व सांसद रामेश्वर निखरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मैहर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धर्मेश घई ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर सतना विधानसभा के विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा,ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,अरुण तने मिश्रा,रमापति गौतम,केशव प्रसाद चौरसिया, मनीष पटेल,और चूड़ामणि बाड़ोलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। शिक्षक कांग्रेस की ओर से संगठन प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी,प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी,और प्रमुख महामंत्री किशन रजक हर्ष लाल शुक्ल सहित प्रदेश के लगभग 35 जिलों के प्रांतीय,संभागीय और जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ,और इसके बाद संस्थापक श्री निखरा का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सम्मेलन में शिक्षकों को पुरानी पेंशन प्रदान करने,राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना स्वीकार करते हुए लाभ प्रदान करने,नवनियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के बाद शत प्रतिशत वेतन देने,और ई-अटेंडेंस समाप्त करने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।कार्यक्रम संयोजक मैहर जिलाध्यक्ष मनमोहन दुबे द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। मंच का संचालन अशोक तिवारी ने किया,और आभार प्रदर्शन प्रदेश सचिव मन्नूलाल शर्मा द्वारा किया गया। सभी अतिथियों को मां शारदा का छायाचित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# मैहर में चलती बस में युवती से दुष्कर्म का मामला, आरोपी की तलाश जारी

**मैहर।** जिले में एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है,जहां एक 21 वर्षीय युवती ने 3 जुलाई को रीवा सिटी कोतवाली में अपनी बहन के साथ पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि चलती बस में उसके रिश्ते के जीजा ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी अपने रिश्ते के जीजा से कई महीनों से फोन पर बात होती थी। जब युवती 26 जून को दोपहर 1 बजे रीवा अपनी बड़ी बहन के घर पहुंची,तो युवक ने उसे रीवा बड़ी पुल के पास उतार लिया। दोनों ने कहीं नाश्ता किया और फिर ऑटो से रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचे,जहां वे हैदराबाद जाने की नियत से ट्रेन में बैठ गए। इस बात की सूचना युवती के परिजनों को लग गई थी और वे लगातार युवक के मोबाइल पर फोन कर उन्हें घर वापस आने का दबाव बनाने लगे। इससे डरकर दोनों कटनी रेलवे स्टेशन पर उतर गए और रात 9 बजे रीवा जाने वाली स्लीपर बस में बैठ गए। युवती ने बताया कि 26 जून की रात करीब 10:30 बजे जब बस मैहर के अमरपाटन के पास पहुंची,तभी युवक युवती के पास लेट गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने बताया कि विरोध करने पर युवक ने उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद युवक अमरपाटन के पास उतर गया और युवती रात में बस से अपनी बहन के घर रीवा पहुंची। रीवा पहुंचने के बाद युवती की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसकी बहन और परिजन उसे संजय गांधी अस्पताल ले गए। 28 जून को तबीयत में सुधार होने के बाद युवती ने अपनी बड़ी बहन को पूरी घटना बताई और फिर दोनों रीवा सिटी कोतवाली पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि यह मामला रीवा से मैहर आया है,जिसकी जांच की जा रही है और आरोपी युवक की तलाश जारी है।

# मैहर में गुरु पूर्णिमा का महापर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया



**मैहर।** गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मां शारदा के दर्शन करने के पश्चात अपने गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ा अखाड़ा मैहर में श्री सीता शरण वल्लभ जी महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा,जहां उनकी एक झलक पाने और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए लंबी कतारें देखी गईं। इस अवसर पर बड़ा अखाड़ा के महंत सीता शरण वल्लभ जू महाराज जी ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है,और जो मनुष्य गुरु के बताए मार्गदर्शन पर चलता है,वह सदैव वैभव,यश और कीर्ति प्राप्त करता है,तथा उसके जीवन में आने वाली कठिनाइयां दूर हो जाती हैं।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भगवान ने भी अपने गुरुओं से ही जीवन का मूल मंत्र और शक्तियां प्राप्त की थीं। मां शारदा देवी मंदिर के पुजारी पवन पांडे दाऊ सरकार के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए भी काफी संख्या में श्रद्धालु सत्संग भवन पहुंचे। इसके साथ ही,मां शारदा देवी मंदिर के प्रधान पुजारी ब्रह्मलीन श्री श्री 108 श्री देवी प्रसाद जी महाराज के समाधि स्थल पर पहुंचकर गुरु महाराज जी का स्मरण और पूजा-अर्चना की गई। सत्संग भवन में पवन पांडे दाऊ सरकार के दर्शन के लिए हजारों की तादाद में श्रद्धालु सुबह से शाम तक पंक्ति में लगे रहे। वहां श्रद्धालुओं के लिए नियमित भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पवन पांडे ने स्वामी जी महाराज की शिष्य मंडली और वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया। उन्होंने कहा कि गुरु महाराज जी के आशीर्वाद और कृपा से सालों से श्रद्धालु भक्त उनके दर्शन के लिए यहां आते हैं,और ब्रह्मलीन होने के बाद भी गुरु जी के प्रति श्रद्धालुओं की जो आस्था और विश्वास है,उसके लिए वे सदैव ऋणी हैं।

### गुरुजी की सिविलियन न होने पर कलेक्टर परिसर में परिवार सहित धरने की चेतावनी



**सतना।** जिले के शासकीय प्राथमिक शाला जुगुलपुर में कार्यरत गुरुजी रामस्वरूप वर्मा ने अपनी नियुक्ति के बावजूद अब तक सिविलियन न किए जाने पर जिला प्रशासन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर उनकी मांग पूरी नहीं की गई,तो वे अपने परिवार सहित कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देंगे,जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। उनका कहना है कि वे लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं,लेकिन 14 माह की बीमारी के कारण अनुपस्थिति के बाद भी उन्हें सिविलियन का दर्जा नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बार शिक्षा विभाग और जिला कलेक्टर को इस संबंध में आवेदन दिया है,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ ही नियुक्त बालेश्वर प्रसाद अनुरागी,जो बलात्कार के एक मामले में 9 महीने जेल में रहे थे,को सिविलियन कर श्रेणी 3 में नियुक्त कर दिया गया,जबकि उन्हें आज भी गुरुजी के पद पर ही रखा गया है। उन्होंने इसे संकुल केंद्र द्वारा किया गया घोर छल बताते हुए कहा कि आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर वे अब न्याय की उम्मीद में कलेक्टर के समक्ष पहुंचे हैं।

### रुक-रुक कर बारिश जारी, जनजीवन प्रभावित, किसानों को राहत की उम्मीद

**सतना।** पिछले कुछ दिनों से जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया है। कभी तेज तो कभी धीमी रफ्तार से गिर रही ये फुहारें जहां एक ओर गर्मी और उमस से राहत दे रही हैं,वहीं दूसरी ओर शहर के कई निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न कर रही हैं। यह बारिश किसानों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आई है,लेकिन लगातार जारी रहने से उनके लिए भी कुछ चिंताएं बढ़ गई हैं। शहर के मुख्य मार्गों और निचली बस्तियों में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों और दैनिक मजदूरों को अधिक दिक्कत हो रही है। सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात भी धीमा हो गया है और कुछ जगहों पर जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। नगरनिगम द्वारा पानी निकासी के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन लगातार बारिश के चलते ये प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, यह बारिश खरीफ फसलों,विशेषकर धान और सोयाबीन के लिए संजीवनी का काम कर रही है। जिन किसानों ने अभी तक बुवाई नहीं की थी,उन्हें अब बुवाई का मौका मिल रहा है। वहीं,जिन खेतों में फसलें सूखने की कगार पर थीं,उन्हें नई जान मिली है। हालांकि,कुछ किसानों को यह चिंता भी सता रही है कि यदि बारिश लगातार जारी रही और खेतों में पानी अधिक भर गया,तो फसलों को नुकसान भी हो सकता है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक सतना और आसपास के क्षेत्रों में इसी तरह की रुक-रुक कर बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है। बारिश के कारण सब्जियों और फलों की आवक पर भी असर पड़ा है,जिससे उनके दाम में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बिजली आपूर्ति भी कई इलाकों में बाधित हुई है,जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर, सतना में जारी यह रुक-रुक कर बारिश राहत और चिंता दोनों का मिलाजुला अनुभव दे रही है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही मौसम साफ होगा और जनजीवन सामान्य हो पाएगा।

### एकेएस विश्वविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.पी.सोनी और कुलगुरु प्रो.बी. ए. चोपड़े की गरिमामय उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध और हमारे जीवन को सार्थक बनाने वाले सभी गुरुजनों को शत-शत नमन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अमित सोनी के साथ विश्वविद्यालय परिवार के समस्त संकायों के डीन,डायरेक्टर्स और फैकल्टी मेंबर्स सभागार में उपस्थित रहे।

**नाम सुधार**

मेरा नाम अभय बहादुर सिंह परिहार पिता मोतीमन सिंह है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में अभय बहादुर सिंह है जिसके कारण समस्या होती है और सभी दस्तावेज में अभय बहादुर सिंह परिहार है और ड्राइविंग लाइसेंस में भी सुधार करवाना चाहता हूं मेरा लाइसेंस क्रमांक एमपी 19 और 2010-0096364.

**अभय बहादुर सिंह परिहार**
पिता मोती मानसिंह , वार्ड क्रमांक 3 कोनी जसो तहसील नागौद जिला सतना

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों के समक्ष बीज वितरण किया जा रहा है निःशुल्क बीज



पन्ना। जिला के गुनौर विकासखंड गुनौर में सभी केंद्रों में बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है किसान भाइयों से अपील है अपने-अपने कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर और ऑनलाइन पंजीयन करा कर बीज प्राप्त कर सकते हैं अतः समस्त केंद्रों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीज वितरण किया जा रहा है आज पड़ेरी सुरदहा बिल्हा एन ग्रामों में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री सुशील त्रिपाठी जी के समक्ष बीज वितरण का कार्य किया गया तथा ग्राम पंचायत सरपंच भी उपस्थित रहे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर बी पटेल तथा बीटीएम शिवमंगल सिंह ने बताया की गुनौर विकासखंड के समस्त आर आई ओ केंद्रों में निशुल्क बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है।

### अनाधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में प्रस्तुत करें आपत्ति

पन्ना। कलेक्टर न्यायालय द्वारा पन्ना में विभिन्न सर्वे नंबर एवं रकवा की भूमि पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास व रेरा में पंजीयन कराए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण पाए जाने पर आगामी कार्रवाई के लिए संबंधितजनों को आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना एवं नजूल तहसीलदार पन्ना के प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पन्ना स्थित सर्वे नंबर 4227 रकवा 0.275 हे. भूमि पर किशोरगंज मोहल्ला पन्ना निवासी अनावेदकगण किशोरी लाल, श्यामलाल, राजकुमार एवं सोनी द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इसी तरह सर्वे नंबर 407 रकवा 0.384 हे. भूमि पर अनावेदकगण किशोरगंज मोहल्ला निवासी मु. मुरूस्सका, निशात, जावेद एवं नुजहत अहमद द्वारा भी अनाधिकृत कॉलोनी निर्मित की जा रही थी। उक्त दोनों कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित करने की कार्रवाई प्रचलन में है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से आगामी 24 जुलाई तक कलेक्टर न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। कलेक्टर न्यायालय द्वारा पवई की सर्वे नंबर 3971 रकवा 1.114 हे. भूमि पर अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में भी आगामी 28 जुलाई को कलेक्टर न्यायालय में पेशी तिथि निर्धारित की गई है। यहां पवई निवासी अनावेदकगण पन्नालाल, विन्द्रावन, दिलीप, विनोद कुमार, सुहद्री बाई, राधा बाई, गीता बाई एवं सुमन बाई द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण करना पाया गया।

### पंडित ज्ञान प्रकाश तिवारी का निधन



पवई। नगर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी पंडित ज्ञान प्रकाश तिवारी (बाबा जी) का गुरूवार 10 जुलाई को 74 वर्ष की आयु मे निधन हो गया । बाबाजी शिक्षक रघुवीर तिवारी एवं युवा कांग्रेस नेता रामवीर तिवारी के पिता जी थे । अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को मुक्तीधाम पवई मे किया जाएगा । उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई ।सभी ने उन्हे अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गुरु पूर्णिमा के दिन स्कूलों में हो रहे आयोजनों में अतिथियों को टेंट पंडाल बच्चे खुले आसमान में बैठे

गुनौर - सरकार के निर्देशन पर पूरे प्रदेश में सभी स्कूलों में गुरु पूर्णिमा के दिन स्कूल प्रबंधन के द्वारा मनाए गए पर्व में गुनौर के विद्यालयों में एक तस्वीर सामने आई है कि जहां अतिथियों को धूप व बारिश से बचने के लिए टेंट पंडाल की व्यवस्था और वही नव निहाल खुले आसमान के नीचे तेज धूप में कपड़ों से सिर ढकते नजर आए। जिससे अभिभावक बच्चों के स्वास्थ को लेकर हुए चिंतित तथा शासन प्रशासन को समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराकर अपील की है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा होने वाले किसी भी आयोजनों में अतिथियों के साथ छोटे छोटे बच्चों के बैठने एवम् धूप बारिश से बचने के लिए उचित प्रबंध किया जाए अन्यथा छोटे छोटे बच्चों को ऐसे आयोजनों से दूर रखा जाए जिससे उनको स्वास्थ संबंधित परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण कर जीवन को प्रकाशवान बनायें - डॉ. अभिषेक जैन







**छात्रावास में छात्राओं की गुरू व माता दोनों ही का दायित्व निभाने का कार्य अधीक्षिका के रूप में श्रीमती पारूल जैन निभा रहीं**

गुरूपूर्णिमा के दिन बालिका छात्रावास कुंजवन में पहुंचकर डॉ. अभिषेक जैन व आपकी पत्नी श्रीमती पारूल जैन ने बालिकाओं के साथ मनाई गुरूपूर्णिमा।

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

गुरूपूर्णिमा के दिन जहां छात्राओं को अनुशासन के साथ ज्ञान रूपी शिक्षा ग्रहण कर जीवन को प्रकाशवान बनाने की प्रेरणा डॉ. अभिषेक जैन ने दी साथ ही आपकी धर्मपत्नी श्रीमती पारूल जैन जिन्होंने छात्राओं को माता के समान वहीं गुरू व माता दोनों के रूप में अधीक्षिका से जीवन जीने के लिए साथ ही शिक्षा ग्रहण कर आगे बढे। यह दिन जहां अंधकार से प्रकाश के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए सदैव जाना जाता है। जहां गुरूपूर्णिमा के दिन छात्राओं को बेहतर जीवन शिक्षा के माध्यम से अनुशासन के साथ आगे तय करने के लिए दी दिशा। गुरूपूर्णिमा के दिन जहां डॉ. अभिषेक जैन जो अपने दायित्वों के साथ-साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए सदैव जाने जाते है। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती पारूल जैन जो समय-समय पर स्कूल हो या छात्रावास पहुंचकर बच्चों के साथ मिलकर उनके जीवन को दिशा देने के लिए जानी जाती है। आज भी जिला मुख्यालय के पास बालिका छात्रावास कुंजवन में बालिकाओं के साथ गुरूपूर्णिमा मां सरस्वती की पूजा अर्चन के बाद मनाई। डॉ. अभिषेक जैन जो अपने सेवा के क्षेत्र में स्वमेव अपनी कार्यप्रणाली से जाने जाते है। वहीं आप का यह दिन गुरूपूर्णिमा के शुभअवसर पर छात्राओं के साथ छात्रावास में सपत्नी पहुंचकर मनाने का लक्ष्य भी जीवन को प्रकाशवासन बनाने के लिए छात्राओं को प्रेरणा दी। आपने कहा कि अनुशासन के साथ-साथ ज्ञान रूपी शिक्षा अपने गुरूओं से ग्रहण कर जीवन को प्रकाशवान बनाये। वहीं आपकी धर्मपत्नी श्रीमती पारूल जैन ने छात्राओं के लिए छात्रावास में जहां माता व गुरू के रूप में भी अधीक्षिका के दायित्व के रूप में जो आपके बीच में ज्ञान प्रदान करने के लिए माना जा रहा है। यह सुखद समय है अनुशासन व जीवन जीने की कला साथ ही व्यवहारिक ज्ञान वहीं शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को आगे बढ़ाये जीवन को लक्ष्य के साथ अपनी मंजिल तय करने के लिए जहां यह प्रेरणा जो छात्राओं को गुरूपूर्णिमा के दिन दिशा देने को लेकर अहम माना जा रहा है। निश्चितौर पर गुरू की महिमा जो हमारे शास्त्रों में बेदों में वर्णित है भगवान के रूप में गुरू की तुलना जो पहले मानी जा रही है साथ ही भगवान के रूप में दूसरे भगवान की तुलना चिकित्सक की भी की जाती है। जहां दुख के समय भगवान को याद किया जाता है वहीं चिकित्सक को भी जरूरी समझा जाता है। गुरू की महिमा तो सभी जानते है अंधकार से प्रकाश का मार्ग प्रशस्त करने के लिए गुरू ही जाने जाते है। जीवन काल में बाल्यकाल्य से ही अनुशासन व शिक्षा के साथ महान बनने की दिशा मानी जाती है। जो आज डॉ0 दम्पत्ति ने बालिका छात्रावास कुंजवन में पहुंचकर छात्राओं को दिशा दी। जीवन को प्रकाशवान बनाने के लिए वहीं इसी शुभअवसर में छात्राओं को हाईजिंग किट का वितरण भी डॉ0 अभिषेक जैन व उनकी धर्मपत्नी पारूल जैन के माध्यम से किया गया। इस तरह से गुरूपूर्णिमा बालिका छात्रावास कुंजवन में मनाई गई। इस अवसर पर वार्डन व सहायक वार्डन तथा रिमीडियल स्टॉफ मौजूद रहा।



# तेंदुए ने घर में घुस कर किया तीन बकरियों का शिकार

**मोहल्ले में दहशत का माहौल, सूचना मिलते ही पहुंची पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जॉन की टीम, पंचनामा किया तैयार**

अजयगढ़। पन्ना जिले के अजयगढ़ कस्बा अंतर्गत वार्ड के नाम 3 खोय मोहल्ला में आज 10 जुलाई 2025 को भोर सवेरे 4 बजे एक तेंदुए ने घर में घुसकर तीन बकरियां का शिकार कर लिया है जिससे मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है सूचना मिलते ही पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर पीड़ति बकरी पालक को आर्थिक क्षतिपूर्ण की राशि दिलाने का आश्वासन दिया है घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार साजिद अली निवासी खोय मोहल्ला अजयगढ़ बकरी पालन का कार्य करते है आज सुबह 4 बजे जब वह लघुशंका के लिए उठे तो घर से एक तेंदुआ निकाल कर जंगल की ओर भागा मोहल्ले के लोगों ने भी शोर मचाकर तेंदुए को खदेड़ा अंदर जाकर देखा तो तेंदुए ने दो बकरियां एक बकरे को मौत के घाट उतार दिया था खोय मोहल्ला जंगल से लगे होने से यहां वन्य प्राणियों का आवागमन बना रहता है साजिद अली ने बताया कि पूर्व में भी उनके दो बकरों को तेंदुए ने मौत के घाट उतार दिया था।

# निराश्रित गौवंश को एक सप्ताह में गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश

**जिला मजिस्ट्रेट ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम एवं गौवंश की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेट सुरेश कुमार ने नेशनल एवं स्टेट हाईवे, प्रमुख जिला मार्ग व ग्राम सड़क एवं शहर के वार्डों की सड़कों पर निराश्रित पशु और गौवंश के बैठने तथा विचरण करने से घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अधिनियम 2023 की धारा 163(1) के तहत दो माह के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जिसके तहत कोई भी पशुपालक द्वारा सड़कों पर अपने पशु अथवा गौवंश को खुले में नहीं छोड़ा जाएगा। दूध का स्वयं के लिए उपयोग करने वाले पालक भी अपने पशु व गौवंश को अपने कैंपस के अंदर ही रखेंगे। साथ ही समस्त जनपद पंचायत सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर पाए जाने वाले निराश्रित पशु व गौवंश को एक सप्ताह के भीतर नजदीकी गौशालाओं में रखे जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। वर्तमान में जिले में 5 गौशालाओं का संचालन निजी व शासकीय संस्थाओं द्वारा तथा 33 गौशालाओं को संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है, जबकि नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा एक गौशाला संचालित है। जिला मजिस्टेट द्वारा उप संचालक पशुपालन एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारियों को प्रति दिवस गौशालाओं का निरीक्षण कर प्रवेशित गौवंश रखे जाने संबंधी पंजी संधारित कर टैगिंग कार्य भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

**अर्थदण्ड अदा करने के उपरांत ही वापस मिल सकेंगे गौवंश-**

गौशाला में पशु एवं गौवंश के प्रवेश के बाद गौवंश पालक को गौशाला से गौवंश की वापिसी पर खुराक खर्चा और अर्थदण्ड देना होगा। साथ ही संबंधित गौशाला में गौवंश एवं पालक की पहचान का रिकार्ड भी संधारित किया जाएगा। इसके अलावा निर्धारित समयावधि में विभागीय अधिकारियों द्वारा गौवंश को गौशालाओं में स्थानांतरित नहीं करवाने तथा सड़कों पर गौवंश के विचरण की स्थिति में विभागीय कार्रवाई के साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधान अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त उल्लंघनकर्ता पशुपालकों के विरूद्ध भी निर्धारित प्रावधान अनुसार अभियोजन की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि समय-समय पर क्षेत्र भ्रमण, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से निराश्रित पशु एवं गौवंश के सड़क पर बैठने व विचरण के कारण दुर्घटनाओं का तथ्य संज्ञान में आने पर जिला मजिस्टेट द्वारा उक्तादेश जारी किया गया है। पूर्व में भी इस संबंध में स्थानीय निकाय के अधिकारियों तथा सरपंच एवं सचिव को निर्देश जारी किए गए थे। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव द्वारा भी निराश्रित पशु व गौवंश को गौशाला एवं कांजी हाउस में प्रवेश के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद पशुपालकों द्वारा इन्हें खुली सड़कों में छोड़ा जा रहा है, जिससे सड़क व वाहन दुर्घटनाओं के साथ पशु एवं जन हानि हो रही है। दुर्घटनाओं की रोकथाम सहित पशु व गौवंश की समुचित सुरक्षा व देखभाल के मद्देनजर इन्हें गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 8 में कार्यक्रम, नायब तहसीलदार व कृषि अधिकारी रहे मौजूद**

# निशुल्क बीज वितरण कार्यक्रम का किया आयोजन

पन्ना।



अजयगढ़ तहसील में खरीफ फसलों की बुवाई को बढ़ावा देने के लिए वरिष्ठ कृषि विभाग द्वारा किसानों को निःशुल्क बीज वितरित किए जा रहे हैं। आज, 10 जुलाई 2025 को दोपहर 3 बजे, वार्ड क्रमांक 8 राजापुर में नायब तहसीलदार संतोष कुमार, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अरुण पाल बागरी, और भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव की उपस्थिति में अरहर, उड़द, मूंग, तिल, और धान के बीज वितरित किए गए।वरिष्ठ कृषि अधिकारी अरुण पाल बागरी ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए अजयगढ़ तहसील में 10 बीज वितरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुंवरपुर, बरियारपुर, जेतुपुर, लायचा, देवगांव, नारायणपुर, नयागांव, धरमपुर, खोरा, और राजापुर शामिल हैं। बीज प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज-पंजीयन (कृषि विभाग में) पट्टा (खेत का खसरा/ खतौनी) आधार कार्ड की फोटोकॉपी बैंक पासबुक की फोटोकॉपी किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, बीज वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रहे।

# शिष्यों ने लिया गुरुजनों से आशीर्वाद







पवई। गुरुवार को देश के साथ-साथ पवई नगर सहित क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिष्य गुरु पूर्णिमा पर अपने-अपने गुरुओं का पूजा अर्चना कर दक्षिडा वस्त्र पुष्प एवं मिष्ठान आदि भेंट करते हैं आज के दिन महार्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था इसलिए इस व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है पवई नगर में पंडित रमेश प्रसाद शास्त्री, पंडित राम गोपाल शास्त्री पंडित रामदुलारे पाठक पंड़ति विष्णु प्रसाद गर्ग, पंडित राजेंद्र मिश्रा, पंडित नारायण प्रसाद तिवारी, पंडित रामकृष्ण पांडेय, सहित नगर एवं आंचलिक क्षेत्र में निवास रथ आचार्य गुरुजी के यहां सुबह से उनके शिष्य दर्शन करने पहुंचे पंडित रमेश प्रसाद शास्त्री ने गुरु पूर्णिमा के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन आषाढ़ शुक्ल पक्ष में महार्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था भगवान वेदव्यास जी ने 6 शास्त्र 18 पुराण चार वेद की रचना की थी एवं पांचवें भेद महाभारत की रचना भी की थी पूरे देश में वेदव्यास जी के नाम नाम से गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैओर शिष्य गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



# सलेहा में डॉक्टर नहीं, मासूम की मौत के बाद भी नहीं हो सका पोस्ट मार्टम, सरकारी उपेक्षा या वोट बैंक की राजनीति?

सलेहा। पन्ना जिले की सलेहा पंचायत, जो क्षेत्रफल और जनसंख्या की दृष्टि से एक विशाल ग्रामीण क्षेत्र है, आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तरस रही है। हाल ही में घटित एक हृदयविदारक घटना ने फिर से यह साबित कर दिया है कि स्वास्थ्य का अधिकार अब भी सिर्फ कागजों तक सीमित है।

**बालक की मौत, डॉक्टर नदारद-** सलेहा अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों की अनुपलब्धता बनी हुई है। इसी कारण हाल ही में एक मासूम बालक की असमय मृत्यु हो गई, क्योंकि समय रहते इलाज नहीं मिल सका। और दुर्भाग्य की पराकाष्ठा यह कि डॉक्टर न होने के कारण उसका पोस्टमार्टम तक नहीं हो पा रहा है। बालक के शोकाकुल परिजन कल से रो-रोकर बेहाल हैं, लेकिन सरकारी व्यवस्था पूरी तरह से मौन है।

# अस्थि विसर्जन हेतु प्रयागराज जाने के लिए जान जोखिम में डालकर नाला पार करने को मजबूर हुआ परिवार

**इलाज करवाने जाने के लिए नाले में पानी कम होने के इंतजार में एक और बुजुर्ग की हुई मौत**



पन्ना। राजनेताओं के द्वारा गांव-गांव सड़क बिजली और पेयजल पहुंचाने स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास का ढिंढोरा पीटा जाता है। लेकिन बरसात आते ही गांव-गांव सड़क बनवाने के दावे की पोल खुल जाती है और गर्मियों में गांव-गांव पानी पहुंचाने के दावे की भी पोल खुल जाती है। ऐसा ही मामला पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा एवं पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मुटवाकला के मजरा रमपुरा का बताया जा रहा है जिसका सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहा है। मामला इस प्रकार है कि कृपाल चौधरी की मृत्यु होने पर 5 जुलाई 2025 को पुत्र संतलाल चौधरी सहित परिवार के लोग अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज जा रहे थे लेकिन चुरमनिया नाला उफान पर था काफी इंतजार के बाद भी नाले में पानी का बहाव कम नहीं होने पर परिवार के लोग जान जोखिम में डालकर नाला पार करने को मजबूर हुए। इसके बाद 7 जुलाई को इसी मजरा के न्यारेलाल चौधरी उम्र लगभग 60 वर्ष की तबीयत खराब होने पर परिवार के लोग देवेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए लगभग 3 घंटे तक नाला में पानी का बहाव कम होने के इंतजार में भरी बरसात में नाला किनारे बैठे रहे, पानी का बहाव कम नहीं होने पर किसी तरह नाला पार करवा कर अस्पताल ले गए लेकिन समय पर इलाज नहीं होने से न्यारेलाल चौधरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी घटनाएं कई बार हो चुकी हैं आजादी के 78 सालों बाद भी यहां सड़क और पुलिया का निर्माण नहीं हुआ, वन विभाग के द्वारा टेंपरेरी रपटा बनवाया गया था जो बरसात के दिनों में किसी काम का नहीं रहता, यह नाला गुनौर विधानसभा अंतर्गत पन्ना और सतना जिले की सीमा में बताई गई है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद वीडी शर्मा को कई बार पत्र सौंप चुके हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया जिससे समस्या बरकरार है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पकड़ी 8 पेटी अवैध शराब



**ईशानगर।** थाना पुलिस ने नौगांव रोड पर श्मशान घाट के पास एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। ईशानगर थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने ईशानगर तालाब के बंधान पर चेकिंग पॉइंट लगाया। चेकिंग के दौरान कार की तलाशी लेने पर उसमें 8 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। कार में सवार आरोपी पप्पू उर्फ प्रेम नारायण पुत्र परमलाल यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बिहाटा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि शराब नौगांव की शराब दुकान से लाई गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि शराब उपलब्ध कराने वाला दूसरा आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। विवेचना के बाद अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### एक साल बाद भी नहीं हुआ करोड़ों की चोरी का खुलासा



**छतरपुर।** राजनगर में एक व्यापारी के घर में एक साल पहले हुई डेढ़ करोड़ की चोरी के मामले में पीड़ित ने पुलिस की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की, साथ ही कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दे डाली। राजनगर के वार्ड नंबर 12 के निवासी आशुतोष सोनी ने बताया कि 31 मई 2024 को उनके घर से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की चोरी हुई थी। इस संबंध में उन्होंने कई बार पुलिस अधिकारियों को आवेदन दिए, लेकिन एक साल से अधिक का समय बीतने के बावजूद चोरी का खुलासा नहीं हुआ और न ही कोई कार्रवाई हुई। निराश आशुतोष ने कहा कि यदि जल्द ही मामले में प्रगति नहीं हुई तो वे एसपी कार्यालय में आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

### एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** बड़ामलहरा पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नकदी, मोटरसाइकिल और अन्य एटीएम कार्ड बरामद किए। बताया गया है कि 4 जुलाई को बड़ामलहरा थाने में फरियादी रघुवर प्रसाद की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता के तहत संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि दो व्यक्तियों ने उनका एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकाल लिए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के बाद पुलिस ने निशांत उर्फ राजा पुत्र नरेंद्र रावत निवासी नई बस्ती ललितपुर और शिवम पुत्र राम सिंह यादव निवासी आजादपुरा जिला ललितपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 23,500 रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल और पांच अन्य एटीएम कार्ड बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी जिला सागर के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में फरार थे। संबंधित थाने को सूचना दे दी गई है, और विवेचना जारी है।

---

पुलिस के सामने हुई घटना, सामने आए वीडियो

# युवक से उधारी के पैसे लेने गई महिला पर हुआ पथराव

**छतरपुर। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में महोबा रोड पर फोर लाइन कॉलोनी में एक महिला के ऊपर पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि महिला एक व्यक्ति से अपनी उधारी के पैसे लेने गई थी, जहां युवक और उसके साथियों ने पथराव कर दिया। घटना के वक्त पुलिस भी मौके पर मौजूद थी, जिसके वीडियो सामने आए हैं।**

पीड़ित महिला मीरा श्रीवास ने बताया कि, मिलन कुशवाहा नाम के युवक ने उससे अलग-अलग किश्तों में कुल 1 लाख रुपए उधार लिए थे, जो अब वह वापिस नहीं लौटा रहा है। मीरा ने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। बीते रोज मीरा को सूचना मिली कि मिलन कुशवाहा शहर के फोरलेन के समीप स्थित कॉलोनी के मकान में एक महिला के साथ रुका है।



सूचना मिलने के बाद मीरा कोतवाली पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंची लेकिन काफी देर तक गेट नहीं खोले गए। स्थिति स्पष्ट न होने के कारण पुलिस मौके से चली गई, जिसके बाद मिलन कुशवाहा, उसकी साथी महिला काजल प्रजापति सहित अन्य लोगों ने घर की छत से मीरा के ऊपर पथराव कर दिया। मीरा के मुताबिक पत्थर लगने के कारण उसके सिर, हाथ और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। मीरा ने आरोप लगाया है कि मिलन कुशवाहा और काजल मिलकर उस मकान में सेक्स रैकेट चला रहे हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पथराव की सूचना सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस दोबारा मौके पर पहुंची, जहां पुलिस के सामने पथराव किया गया। पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि मीरा श्रीवास की शिकायत पर काजल प्रजापति पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

---

छतरपुर जनपद की ग्राम पंचायत पठादा में पनप रहा आक्रोश

## दलदल नुमा सड़क से निकलने को मजबूर हैं ग्रामीण

**छतरपुर।** जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पठादा के ग्रामीण इन दिनों दलदल नुमा सड़क से निकलने को मजबूर हैं। लगातार परेशानी झेल रहे ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सरपंच-सचिव को समस्या से अवगत कराए जाने के बावजूद समस्या को नजरंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों में उनके प्रति आक्रोश पनप रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पठादा के कई रास्तों पर शुरुआती बारिश के बाद कीचड़ जमा हो गया है, जो अब दलदल बन चुके हैं। ग्रामीणों को इसी दल-दल से अपने वाहन निकालना पड़ रहे हैं। कई बार यहां से निकलने के दौरान लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। रास्तों



से पैदल निकलने पर लोग घुटनों तक कीचड़ में सन जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी है लेकिन सरपंच-सचिव इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लंबे समय से समस्या का सामना कर रहे ग्रामीणों में सरपंच-सचिव पर आक्रोश पनप रहा है। इस मामले में जब सरपंच गंगाराम अहिरवार से बात की गई तो उनका कहना था कि लगातार हो रही बारिश के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है, बारिश बंद होने के बाद सड़कों की सफाई कराई जाएगी। वहीं सचिव अर्जुन सिंह का कहना था कि हम दर्जनों बार इन मार्गों की सफाई करवा चुके हैं लेकिन स्थानीय लोग सड़कों पर कचरा फेकते हैं जो बारिश होने पर कीचड़ बन जाता है, हम पुनः सड़क की सफाई कराएंगे।

---

लापरवाही के कारण हुआ हादसा, बाल-बाल बची जान

## नदी के पुल पर बाइक सहित बह गया युवक

**नौगांव।** बेलाताल-चरखारी मार्ग पर भड़ार नदी के पुल पर बीती शाम एक बाइक सवार युवक अपनी लापरवाही के चलते तेज पानी के बहाव में बह गया। गनीमत रही कि युवक की जान बाल-बाल बच गई। मौके पर मौजूद लोगो ने सूझ-बूझ दिखाते हुए उसे नदी से बाहर निकाल लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बेलाताल-चरखारी मार्ग पर भड़ार नदी के पुल पर पानी तेज बहाव के साथ बह रहा था। इसी दौरान ग्राम बुधवारा थाना अजनर जिला महोबा उत्तरप्रदेश का रहने वाला मनमोहन नौगांव की ओर आ रहा था। उसने लापरवाही दिखाते हुए बाइक से पुल पार करने का प्रयास किया, प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन उसने उनकी बात अनसुनी कर दी और पुल के बीचों-बीच तेज बहाव के कारण वह बाइक सहित पानी में बह गया। मनमोहन ने नदी में तैरकर अपनी जान बचाई, वहीं कुछ अन्य लोग भी उसे बचाने के लिए नदी



में कूद पड़े। सूचना पर डायल 100 और पुलिस मौके पर पहुंची, और ग्रामीणों की मदद से युवक को सुरक्षित निकाल लिया गया। बाद में उसकी बाइक भी ग्राम चौबारा के पास से बरामद हो गई। उल्लेखनीय है कि यह मार्ग नौगांव को उत्तर प्रदेश के चरखारी से जोड़ता है, और बारिश में अक्सर इस पुल पर जलभराव हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जलभराव के दौरान बेरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए ताकि ऐसे हादसे रोके जा सकें।

---

दहेज प्रताड़ना और मारपीट का दावा, एसपी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

## महिला की मौत को मायके वालों ने बताया संदिग्ध

छतरपुर। बिजावर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले में मायके वालों ने दहेज प्रताड़ना और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। गुरुवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

ग्राम डपकोई, थाना ईशानगर की निवासी भगुन्ती पत्नी दशरथ कुशवाहा ने बताया कि उनकी पुत्री उर्मिला कुशवाहा की शादी 21 अप्रैल 2024 को बिजावर के वार्ड



नंबर 05, मोहनगंज निवासी दीपक कुशवाहा उर्फ हरिचरन, पुत्र मुन्नालाल कुशवाहा के साथ हुई थी। शादी में मोटरसाइकिल, 50 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर सजित कुल 3 लाख रुपये का दहेज दिया गया था। भगुन्ती के मुताबिक शादी के बाद दीपक, उनके पिता मुन्नालाल कुशवाहा और मां प्रेमबाई ने अतिरिक्त 50 हजार रुपये की मांग की। इस मांग को पूरा न करने पर उर्मिला को लगातार प्रताड़ित किया गया और मारपीट की गई। 23 मई 2025 को शाम के समय उर्मिला ने अपनी बहन राधा कुशवाहा से फोन पर बात की और बचाने की गुहार लगाई, इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। अगले दिन जब मायके वाले ससुराल पहुंचे, तो उर्मिला मृत पड़ी थी। उसके शरीर पर मारपीट के निशान, नीले-लाल धब्बे, और बाएं हाथ पर करंट के निशान थे। घर में टूटी चूड़ियां, डंडे और पटिया भी पड़े थे। ससुराल वालों ने कोई जवाब नहीं दिया। भगुन्ती के पति ने बिजावर थाने में सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर में दहेज हत्या की धारा 304बी और 80 बीएनएस नहीं जोड़ी और इसे आत्महत्या बताने की कोशिश की गई। परिवार ने एसपी से उर्मिला की हत्या का मामला दर्ज कर दीपक, मुन्नालाल, और प्रेमबाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

---

## हिरदेपुर गांव में बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क के लिए तरस रहे ग्रामीण

### हीरा भंडारण क्षेत्र में होने के बावजूद उपेक्षा, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**छतरपुर।** जिले की बक्सवाहा जनपद पंचायत के हिरदेपुर गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। यह आदिवासी बाहुल्य गांव हीरा भंडारण क्षेत्र में आता है, फिर भी सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को नसीब नहीं हो रही हैं। हिरदेपुर गांव, जो छतरपुर से करीब 100 किलोमीटर दूर है, की आबादी 213 है, जिसमें 102 महिलाएं और 111 पुरुष हैं। स्थानीय निवासी छोटू बरेला ने बताया कि बीमारी के दौरान मरीजों को खटिया या ट्रैक्टर



से अस्पताल ले जाना पड़ता है। बारिश में कीचड़ भरे रास्तों से स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, और उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। ग्रामीण राजेश वरेला ने कहा कि हिरदेपुर, हरदुआ और डुगासरा पठा जैसे आदिवासी गांव वर्षों से सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने विधायक, सांसद और कलेक्टर से कई बार शिकायत की, लेकिन केवल आश्वासन मिले। बक्सवाहा क्षेत्र के 16 गांव हीरा भंडारण क्षेत्र में आते हैं, जहां खनन शुरू होने पर सरकार ने सड़क, बिजली और पानी देने का वादा किया था। हालांकि, खनन पर रोक लगने के बाद ये वादे अधूरे रह गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उनकी जिंदगी आसान हो सके।

---

## आरक्षण को लेकर ओबीसी महासभा ने किया प्रदर्शन



### रैली निकालकर की नारेबाजी, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**छतरपुर।** ओबीसी आरक्षण को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर ओबीसी महासभा और समाजवादी पार्टी ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन के तहत मेलाग्राउंड से शुरू हुई रैली छत्रसाल चौक और चौबे तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। ओबीसी महासभा और समाजवादी पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी कुमारी रानी रैकवार ने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश में गुरुवार को हर जिले में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर लगे होल्ड के विरोध में प्रदर्शन किए गए। उन्होंने कहा कि इस होल्ड को हटाकर 27 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग की जा रही है। वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव ने कहा कि उनकी पार्टी ने ओबीसी महासभा की इस मांग को पूर्ण समर्थन दिया है और जनहित के मुद्दों के लिए वे हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। ओबीसी महासभा के संभागीय प्रभारी गयाप्रसाद पटेल ने बताया कि राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला मुख्यालय पर कलेक्टर को सौंपा गया। पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं ओबीसी वर्ग से हैं, फिर भी इस वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने 27 फीसदी आरक्षण लागू करने और अन्य क्षेत्रीय समस्याओं को ज्ञापन में शामिल करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर चल रहे व्यापक आंदोलन का हिस्सा है, जो सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं के बीच और गति पकड़ रहा है।

---

## बैंक नहीं दे रहा था पति की जमा राशि, उपभोक्ता आयोग ने दिया भुगतान का आदेश

### नॉमिनी के दस्तावेज की पुष्टि, बैंक 30 दिन में अदा करेगा रकम

**छतरपुर।** एक महिला ने अपने स्वर्गीय पति के बैंक खाते की राशि न दिए जाने के मामले की शिकायत उपभोक्ता आयोग में दर्ज कराई थी। उक्त मामले में गुरुवार को आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद बैंक को मृत्यु दावा निपटाने और राशि भुगतान करने का आदेश दिया, साथ ही सेवा में कमी के लिए मुआवजा भी तय किया।

अधिवक्ता अभिलेख खरे ने बताया कि छतरपुर निवासी श्रीमती सोना देवी जाटव ने उपभोक्ता आयोग छतरपुर में शिकायत की कि उनके पति स्वर्गीय मन्नू लाल मोची के एसबीआई छतरपुर खाता नंबर 10518290801 में जमा राशि को बैंक ने नॉमिनी न होने का हवाला देकर देने से इनकार कर दिया है। सोना देवी ने बताया कि उनके पति ने 1 अक्टूबर 2011 को उन्हें नॉमिनी बनाया था, जिसकी पावती उनके पास है। मन्नू लाल का निधन 8 अक्टूबर 2015 को हुआ था। 11 दिसंबर 2024 को राशि के लिए आवेदन करने पर बैंक ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद 27 दिसंबर 2024 को रजिस्टर्ड नोटिस भेजा गया। इसके बाद भी न राशि दी गई न नोटिस का जवाब। तब प्रार्थी ने उपभोक्ता आयोग की शरण ली और आयोग ने प्रकरण सीसी क्रमांक 88/2025 में दर्ज किया। बैंक ने दावा किया कि परिवाद समय सीमा से बाहर है और 1 अक्टूबर 2011 के आवेदन में गलत खाता नंबर 1051290801 दर्ज था, इसलिए सोना देवी नॉमिनी नहीं हैं। बैंक ने कहा कि सोना देवी को मृत्यु दावा प्रपत्र भरने को कहा गया, जो उन्होंने नहीं किया। योग ने 1 अक्टूबर 2011 की रसीद का अवलोकन कर पाया कि यह बैंक द्वारा जारी नॉमिनेशन सुविधा की पावती है, जिसमें शाखा प्रबंधक की मोहर और हस्ताक्षर हैं। आयोग ने माना कि रसीद की प्रविष्टि बैंक द्वारा भरी गई होगी, और बैंक ने मूल नॉमिनेशन फॉर्म प्रस्तुत नहीं किया, जिससे खाता नंबर की सत्यता स्पष्ट नहीं हुई, जिसके बाद आयोग ने आदेश दिया कि सोना देवी 15 दिनों में मृत्यु दावा प्रपत्र और दस्तावेज जमा करें और बैंक 30 दिनों में खाता नंबर 10518290801 की पूरी राशि का भुगतान करे। साथ ही, सेवा में कमी के लिए 10,000 रुपये और परिवाद व्यय के लिए 5,000 रुपये देने का आदेश दिया। सुनवाई में आवेदिका की ओर से अधिवक्ता अभिलेख खरे और बैंक की ओर से एसके जैन ने पैरवी की। आयोग के अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप, सदस्य श्रीमती निशा गुप्ता और धीरज कुमार गर्ग ने यह निर्णय सुनाया।

---

## डेढ़ माह से लापता है अपहृत नाबालिग लड़की

### परिजनों ने पुलिस पर लगाए लापरवाही के आरोप



**छतरपुर।** जिले के बक्सवाहा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में परिवार ने पुलिस पर लापरवाही और दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर लड़की की तलाश और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। बक्सवाहा थाना क्षेत्र के ग्राम बसाई निवासी सुखराम यादव और श्रीराम यादव ने बताया कि उनकी 17 वर्ष 7 महीने की बेटी अंशिका यादव का 17 मई को रात करीब 2 बजे कट्टे की नोंक पर अपहरण कर लिया गया था। डेढ़ महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद अंशिका का कोई पता नहीं चला। श्रीराम ने आरोप लगाया कि बक्सवाहा पुलिस मामले की गंभीरता से जांच नहीं कर रही और उनसे 10,000 रुपये की मांग की गई, जिसमें से 5,000 रुपये पुलिस की गाड़ी में डीजल डलवाने के लिए दिए गए, लेकिन फिर भी कोई प्रगति नहीं हुई। सुखराम ने बताया कि अपहरण लुडियारा गांव के राजेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, फूल सिंह यादव और सरदेव यादव ने किया। उन्होंने थाने में पदस्थ महेश पांडे पर मारने-पीटने की धमकी देने और 181 पर दर्ज शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। परिवार ने एसपी से अंशिका की तलाश और अपहरणकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई।

---

## गुरु पूर्णिमा पर बुंदेलखंड के ब्रह्मलीन संतों को किया याद

**खजुराहो।** गुरुवार को फ्रांस और इटली में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुंदेलखंड के ब्रह्मलीन संतों को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दद्दाजी कल्चर सेंटर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गुरु के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया गया, जिसमें स्थानीय और भारतीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फ्रांस के अरियाज राज्य के वेंतनाक (तुलुस) और इटली के पोर्तोसांता मार्गारीटा (वेनिस) में दद्दाजी जी कल्चर सेंटर ने बुंदेलखंड के ब्रह्मलीन संतों श्री मतंग ऋषि, सन्यासी बाबा, ब्रह्म बाबा, नारायण महाराज, प्रेमगिरी महाराज, दद्दाजी, श्री मतंग धूना (झाड़ू वाले बाबा), विद्यासागर महाराज, और रजनीश (ओशो) को याद किया। साथ ही, बागेश्वर धाम और मन्नत महाराज का आशीर्वाद लिया गया। इटली के संत पादरे पियु और फ्रांस की लूद की मरियम माता को भी श्रद्धांजलि दी गई। मतंगेश्वर सेवा समिति खजुराहो के पंडित सुधीर शर्मा ने संगोष्ठी में कहा कि गुरु पूर्णिमा का अर्थ है गुरु + पूर्ण + माँ, यानी माँ पहली पूर्ण गुरु है और गुरु पूर्ण माँ के समान है। उन्होंने अपनी ब्रह्मलीन माँ श्रीमती पुष्पा शर्मा (बड़ी बहिन जी) को याद करते हुए बताया कि उनकी शिक्षा और सेवा के मार्ग पर परिवर्तन एनजीओ देश-विदेश में कार्य कर रहा है। शर्मा ने कहा कि गुरु ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान हैं, जो शास्त्रों का ज्ञान और मोक्ष का मार्ग दिखाते हैं। दद्दाजी की विशेष पूजा-अर्चना सुरेंद्र गुप्ता, अंजली गुप्ता, माधुरी गुप्ता, पास्कल और अन्य भक्तों ने की। कार्यक्रम में पेरिस के भारतीय दूतावास और तुलुस के स्थानीय प्रशासन का सहयोग रहा। भजन-कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण हुआ। यह नौ दिवसीय कार्यक्रम बेल्जियम, स्पेन और चेक गणराज्य में भी मनाया जाएगा।



खबर संक्षेप

## लंबी बीमारी से जूझ रहे किसान ने कर ली आत्महत्या



रीवा। जिले के गढ़ थाना क्षेत्र लालगांव चौकी अंतर्गत ग्राम भखौरी निवासी बीमारी से तंग एक 80 वर्षीय वृद्ध किसान ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी के बाद परिजन आनन फानन में वृद्ध को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे थे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस पूरे मामले को लेकर मृतक दल्लू पाल उम्र 80 वर्ष निवासी ग्राम भौखरी के बेटे लक्ष्मण पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिताजी बीते 3 वर्षों से लकवा शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज थे जिसको लेकर वह अक्सर परेशान रहते थे। लक्ष्मण के मुताबिक बीते दिन घर के सभी लोग काम पर चले गए थे जबकि उनके पिताजी घर में अकेले थे जब शाम को सभी लोग काम से वापस आए तो पिताजी की हालत खराब थी जिसेके बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए रीवा लाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। बेटे के मुताबिक बीमारियों से परेशान होकर उनके पिताजी ने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

## कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में उपस्थित न होने वालों को दिया नोटिस

रीवा। कलेक्ट्रेट कार्यालय में बाढ़ आपदा तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में 24 घंटे अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। कंट्रोल रूम में तैनात होने के आदेश का उल्लंघन करने पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 6 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। इनके द्वारा कंट्रोल रूम में उपस्थिति न देकर आदेश की अवहेलना करने तथा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत नोटिस दिया गया है। कलेक्टर ने सहायक मानचित्रकार घनश्याम शुक्ला, सहायक ग्रेड तीन पवन चौधरी, फोटोकॉपियर रामचन्द्र प्रसाद, चैनमैन चन्द्रमणि सेन, सहायक वर्ग तीन मयंक पटेल तथा अनुरेखक कृष्णधर द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का संतोषजनक उत्तर न देने तथा 24 घंटे की समय सीमा में उपस्थित न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने 6 अधिकारियों को दिया नोटिस

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत चिन्हित सेवाएं समय सीमा में उपलब्ध न कराने पर 6 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सीएमओ गोविंदगढ़ को जन्म प्रमाण पत्र न देने तथा सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा को आवेदक की आयु का चिकित्सकीय सत्यापन न करने पर नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सीएमओ सेमरिया सुषमा मिश्रा को समय सीमा में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी न करने तथा सीएमओ त्योंथर अजय कुमार पाण्डेय को राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि जारी न करने पर नोटिस दिया है। जेई श्रीमती शीया तिवारी को मीटर संबंधी शिकायत का निराकरण न करने तथा सीएमओ मनगवां हेमंत त्रिपाठी को समय पर नल कनेक्शन न देने पर नोटिस दिया है।

## कलेक्टर ने पौधारोपण स्थल का किया निरीक्षण

रीवा। शहर को हराभरा बनाने के लिये वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। शहर में विभिन्न रिक्त भूमियों में वृहद पैमाने पर तथा सड़कों के किनारे वृक्षारोपण कार्य किया जा रहा है। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पीछे नदी के किनारे रिक्त भूमि में 40 हजार पौधे लगाये जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल स्थल निरीक्षण किया तथा सभी तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश दिये। स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भूमि के समतलीकरण के पश्चात गढ्डे खोदकर सभी आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित करें तथा वृहद वृक्षारोपण के उपरांत इसकी सुरक्षा की भी व्यवस्था करें।

### जिला खनिज मद से अधूरे आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों तथा वृक्षारोपण के लिए राशि मंजूर

# जिला खनिज मद से 12.22 करोड़ की प्रस्तावित कार्ययोजना को दी गई मंजूरी

रीवा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में जिला खनिज मद से 12 करोड़ 22 लाख रुपए के प्रस्तावित निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में पूर्व में मनरेगा के कन्वर्जेंस से अधूरे पड़े आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों को पूरा कराने तथा वृक्षारोपण के लिए भी राशि मंजूर की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें उच्च प्राथमिकता के कार्यों में 60 प्रतिशत तथा प्राथमिकता के कार्यों में 40 प्रतिशत का अनुपात रखा गया है। शासन द्वारा जारी नई गाइडलाइन के अनुसार प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व्यवस्था, अधोसंरचना विकास तथा दिव्यांगों के कल्याण के प्रस्ताव शामिल हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल देने का भी प्रस्ताव रखा गया है। बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि सबका उद्देश्य आमजनता का कल्याण करना है। सबकी सहमति से जिले के विकास से जुड़े कार्य खनिज मद से स्वीकृत किए जा रहे हैं। विधायक सेमरिया अभय मिश्रा ने स्कूल भवनों तथा छात्रावासों में सुधार के कार्य एवं दिव्यांगों को मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल देने का सुझाव दिया। बैठक में सिरमौर के लिए एंबुलेंस एवं जनरेटर सेट की राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रदान करने तथा 47 अधूरे आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए एक करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास भवनों में सुधार के कार्य विभागीय मद से प्रस्तावित करें। खनिज मद से आवंटित राशि का उपयोग करके कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा अन्य निर्माण एजेंसियाँ शेष कार्य शीघ्र पूरा करें। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह ने बताया कि योजना प्रारंभ से अब तक जिला खनिज मद से कुल 125 करोड़ सात लाख की कार्ययोजना अनुमोदित हुई है। इसमें से 116 करोड़ 57 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इससे स्वीकृत 712 निर्माण कार्यों में से 225 पूरे हो गए हैं। 23 कार्य अलग-अलग कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं। शेष जारी 464 कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरे करा लिए जाएंगे। खनिज मद से मऊगंज जिले की राशि अब पृथक से जारी होगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि सिरमौर भूपेन्द्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि गुढ़ ने कई उपयोगी सुझाव दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, समिति के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# शहर की सड़कों पर फिर लौट आया अतिक्रमण





## आयुक्त के निर्देशों को पलीता लगा रहे उनके ही मातहत

रीवा। शहर को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे द्वारा लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं। सख्ती के साथ कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन निगम के ही कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से इन प्रयासों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ताजा मामला वर्षों से अतिक्रमण की चपेट में रहे साईं मंदिर से कोठी कंपाउंड मार्ग और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के मुख्य द्वार के पास का है, जहां हाल ही में निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया था। फूल व्यापारियों को अन्यत्र स्थान आवंटित कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया था। लेकिन अतिक्रमण मुक्त सड़क एक बार फिर अतिक्रमण की चपेट में आती नजर आ रही है, सूत्रों की माने तो बता दे निगम के ही अतिक्रमण प्रभारी सुखेंद्र चतुर्वेदी ने कुछ चुनिंदा अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देकर एक बार फिर से सड़कों पर बैठाकर दुकानें संचालित कराई जा रही हैं। चौपाटी के सामने रोड पर फिर से दुकाने लगाना प्रारंभ हो चुकी है। यही हाल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के गेट के सामने का है, जहां हाल में हटाई गई चाय-पान की अवैध दुकानें फिर से संचालित हो रही हैं। डॉ. सोनवानी लगातार शहर की छवि सुधारने और स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन के लिए निगम को अलर्ट मोड में चला रहे हैं। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सड़कों की नियमित सफाई, ठेला-फेरी व्यवसायियों के पुनर्वास, और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए हैं। लेकिन जब उनके ही मातहत अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देने लगें, तो फिर पूरे अभियान की मंशा पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। हर बार अतिक्रमण हटाने के बाद वही चेहरे फिर से दुकान सजाते नजर आते हैं, जिससे साफ है कि कार्रवाई सिर्फ दिखावा है।

# सिरमौर जनपद पंचायत में सियासी भूचालः अध्यक्ष रवीना साकेत के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

### 19 सदस्यों ने जताई असहमति, अब कलेक्टर तय करेंगे सम्मिलन की तिथि



रीवा। जिले के सिरमौर जनपद पंचायत इन दिनों जबर्दस्त सियासी उठापटक का केंद्र बन गया है। जनपद अध्यक्ष रवीना साकेत के खिलाफ बुधवार को जनपद के 25 में से 19 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया, जिससे पंचायत की सत्ता समीकरणों में जबरदस्त बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं। कलेक्टर कार्यालय में एक साथ पहुंचे इन जनपद सदस्यों ने बाकायदा ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि अध्यक्ष को हटाने की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से प्रारंभ की जाए। जनपद सदस्यों ने आरोप लगाए हैं कि अध्यक्ष के कार्यकाल में विकास कार्य लगभग ठप पड़ा रहा। न तो क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान हुआ और न ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन। सदस्यों का आरोप है कि जनपद अध्यक्ष ने न तो जनप्रतिनिधियों की बात सुनी और न ही क्षेत्र के हित में कोई ठोस पहल की। जनपद सदस्य रामलाल कोल ने दो टूक कहा, हमने भरोसे के साथ उन्हें अध्यक्ष बनाया था, लेकिन जनता के सामने आज हम शर्मिंदा हैं। न फंड मिला, न कोई काम हुआ।अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले कई सदस्यों ने शिकायत की कि अध्यक्ष ने न केवल उनकी उपेक्षा की, बल्कि कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में उन्हें अपमानित भी किया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आयोजन के दौरान उन्हें मंच तक पर बैठने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि जनपद सदस्यों का चुनाव दलीय आधार पर नहीं होता, लेकिन रवीना साकेत को भाजपा समर्थित माना जाता रहा है। अब उन्हीं के खिलाफ पार्टी से जुड़े कई सदस्यों का खड़ा हो जाना भाजपा के लिए असहज स्थिति पैदा कर गया है। सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह की राजनीतिक प्रतिष्ठा भी इस घटनाक्रम में दांव पर लग गई है। विधायक ने कई नाराज़ सदस्यों से व्यक्तिगत संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। कांग्रेस ने इस घटनाक्रम पर तीखा व्यंग्य करते हुए भाजपा के भीतर की गुटबाज़ी को उजागर करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेताओं ने इसे दिव्यराज सिंह और पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी के बीच वर्चस्व की जंग करार दिया है।

### भ्रष्टाचार के भी गंभीर आरोप

जनपद अध्यक्ष पर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सदस्यों का कहना है कि प्रत्येक काम में 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है। जनपद निधि के वितरण में भारी भेदभाव होता है, और आय-व्यय का कोई स्पष्ट हिसाब तक नहीं दिया जा रहा। क्षेत्रीय दौरे न के बराबर हुए और लॉगबुक में फर्जी एंट्री तक दर्ज की गई हैं।

### अविश्वास प्रस्ताव देने वालों में ये रहे शामिल

बताया गया है कि अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन सिरमौर जनपद के 19 सदस्यों ने दिया है। दोपहर 1 बजे कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में मिश्रीलाल तिवारी जनपद उपाध्यक्ष, मुन्नी दाहिया, निशा सिंह, राजेंद्र सिंह,सरोज आदिवासी, शांति नारायण पांडेय, रामलाल कोल, सियाशरण आदिवासी, श्यामकली साकेत, तेजा साहू, सावित्री साकेत, प्रतिभा सिंह, राधे केवट, शैलेंद्र शुक्ला, सविता केवट, सारथी सिंह, अभिषेक त्रिपाठी बृजमोहन सिंह, एवं रामकली सोधिया के हस्ताक्षर मौजूद हैं। इस दौरान करीब 1 दर्जन सदस्य भी कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे।

### कुर्सी की दौड़ में तीन नए चेहरे

रवीना साकेत की कुर्सी पर संकट गहराने के साथ ही अब तीन नए नाम भी दावेदार के रूप में सामने आ गए हैं। अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित इस पद के लिए मुन्नी साकेत, सावित्री साकेत और श्यामकली साकेत ने खुलकर सामने आकर दावा किया है कि यदि उन्हें अवसर मिला तो वे जनहित में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करेंगी।

### क्या कहता है पंचायत एक्ट?

मप्र पंचायत राज अधिनियम के तहत अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कुल सदस्यों के बहुमत की आवश्यकता होती है। 25 सदस्यों वाली जनपद पंचायत में 19 का प्रस्ताव अध्यक्ष के लिए खतरे की घंटी है।

# राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस पर किया मत्स्य पालकों को सम्मानित

### मत्स्य पालकों को दी गई किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा

रीवा। कृषि विज्ञान केंद्र रीवा में राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें रीवा एवं सतना जिले के मत्स्य पालक किसान सम्मिलित हुए। आयोजित कार्यक्रम में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा तथा नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति और मत्स्य पालन क्षेत्र में नए रुझानों, नियमों और उभरते अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने मत्स्य पालकों को कृषि का दर्जा दिया है। उन्हें क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मत्स्य पालकों के प्रयास न केवल लाखों लोगों की आजीविका को बनाए रखते हैं बल्कि राष्ट्र के स्थाई जलीय कृषि और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस मनाया जाता है। मछली पालन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है। जल गंगा संवर्धन अभियान में बनाए गए तालाबों से भी मछली पालन को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पुष्पराज सिंह, किसान मोर्चा रीवा अध्यक्ष प्रशांत पाठक किसान मोर्चा सतना अध्यक्ष कृष्णा पांडे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सदस्य नीतिराज सिंह पटेल शैलेंद्र तिवारी, उप संचालक डॉ अंजना सिंह सहित कृषि वैज्ञानिकों तथा बड़ी संख्या में मछली पालक किसान उपस्थित रहे।

# शराब के लिए पैसे मांगने पर इंकार किया तो युवक पर लोहे की रॉड से हमला, आरोपी गिरफ्तार

रीवा। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने शराब पीने के लिए पैसे न देने पर राह चलते युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की पहचान शिवकरण गुप्ता उर्फ छोटे (59), पिता रामखेलावन गुप्ता, निवासी सिरमौर के रूप में हुई है। आरोपी एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही थाने में कई मामले दर्ज हैं।पुलिस के अनुसार, फरियादी मधुबन दाहिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह रीवा रोड की ओर से अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में शिवकरण गुप्ता ने उसे रोका और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। जब फरियादी ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पास में पड़ी लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। हमले के बाद पीड़ित किसी तरह वहां से बचकर निकला और तत्काल सिरमौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की गई है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई की है।

# निराश्रित गौवंशों को सड़कों से हटाकर भेजा जा रहा गौशाला

रीवा। बारिश के समय सूखे स्थान की तलाश में बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश तथा अन्य पशु सड़कों पर डेरा जमा लेते हैं। इनके कारण एक ओर जहाँ आवागमन में बाधा होती है वहीं दूसरी ओर कई बार गंभीर सड़क दुर्घटना होने पर जनधन के साथ-साथ पशुओं की भी हानि होती है। इसे रोकने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप संचालक पशुपालन तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में व्यवस्थित कराने के साथ-साथ गौवंश को निराश्रित छोड़ने वालों पर एक हजार का जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में सिरमौर एसडीएम पीके पाण्डेय तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने नगर परिषद सिरमौर के निराश्रित गौवंशों को हांका गैंग से पकड़वाकर गौशालाओं में भिजवाया। नगर परिषद अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पार्षदगणों ने भी इस कार्य में सहयोग किया। सिरमौर नगर परिषद क्षेत्र के जयस्तंभ चौक, रीवा रोड, चचाई रोड, क्योटी रोड तथा शासकीय कार्यालयों के परिसर में विचरण कर रहे पशुओं को गौशाला तक पहुंचाया गया। सड़कों से निराश्रित गौवश को हटाने के अभियान के तहत नगर पंचायत बैकुंठपुर में मुख्य मार्गों से लगभग 50 गौवंश को हटाकर गौशालाओं में भेजा गया। गौशालाओं में इनके चारा, भूसा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। मनगवां में एसडीएम संजय जैन ने नगर परिषद के कर्मचारियों के सहयोग से गौवंश को हाईवे से हटाकर कृषि उपज मण्डी परिसर भिजवाया गया। इनके चारे और भूसे की व्यवस्था की गई।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही आई सामने



### विद्यालय की छत गिरने से चार छात्रा घायल

मऊगंज। जिले के देवतालाबसांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छत का प्लास्टर गिरने से चार छात्रा घायल हो गई है



जिसमें दो छात्रा के सर में चोटें आई है कक्षा में छात्र पढ़ाई कर रहै थे तभी छत का प्लास्टर अचानक बच्चों के ऊपर गिर गया विद्यालय प्रबंधन द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतालाब में उपचार करवाने को ले गए जिसमे दो छात्रा की स्थिति गंभीर होने पर प्राचार्य स्वयं घायल छात्रा को लेकर संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा मे भर्ती कराया है। उपचार जारी है।

# लौर पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार



### आरोपी पर दस हजार रुपए का इनाम था घोषित

मऊगंज। थाना लौर पुलिस द्वारा, हत्या के मामले मे लगभग डेढ़ माह से फरार 10,000/- के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या करने मे प्रयोग किया गया बेसबाल का डण्डा बरामद करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 21.05.25 को फरियादी मनीष सेन पिता छोटेलाल सेन उम्र 39 वर्ष नि. ग्राम बैकुण्ठपुर थाना लौर जिला रीवा (म.प्र.) की सूचना पर आरोपी विपुल गौतम व अन्य के विरुद्ध धारा 126(2), 296,115(2,118(1),119(1),351(3),3(5) भा.न्या.सं. के तहत अपराध क्र. 216/25 पँजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, विवेचना दौरान मामले मे धारा 118 (2),109(1) बीएनएसएस का इजाफा किया गया तथा दिनाँक 26.05.25 को मामले मे आह्त मनोज पटेल पिता शिवदयाल पटेल उम्र 29 वर्ष नि. ग्राम खुझवा सुअरहा थाना लौर जिला मऊगंज (म.प्र.) की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर धारा 103(1) भा.न्या.सं. का इजाफा करते हुए आरोपीगण नित्यानंद शुक्ला तथा कार्तिकेय शुक्ला दोनो नि. ग्राम पताई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया था, फरार आरोपियों की पता तलाश दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 10,000/- का इनाम उद्घोषित किया गया था, आरोपी विपुल गौतम पिता भास्करदत्त गौतम नि. ग्राम पताई थाना लौर जिला मऊगंज की लोकेशन मिर्जापुर उ.प्र. की प्राप्त होने पर आज दिनाँक 09.07.25 को दबिश देकर आरोपी को मिर्जापुर उ.प्र. से दस्तयाब किया गया है, तथा आरोपी से पूँछताँछ उपरांत मेमोरण्डम कथन लेख किए गए, मेमोरण्डम कथनो के आधार पर मारपीट कर हत्या करने मे प्रयुक्त बेसबाल का डण्डा उसके घर से बरामद किया गया है, तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजे जाने हेतु बापर्दा न्यायालय पेश करने बावत रवाना किया गया है।